# सवाल यह है कि बचे दो साल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सत्ता की भागीदारी नसीब होगी?

## डोटासरा बोले : कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी दिलाना उनकी जिम्मेदारी

**जयपुर**, (का.प्र.)। सरकार के तीन साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि जिन कार्यकर्ताओं ने सत्ता दिलवाने का काम किया है अब उनको राजनीतिक नियुक्तियां दिलवाने का काम भी उनकी ही जिम्मेदारी होगी। अब देखना यह है कि सरकार के बचे हुए दो साल में क्या प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सड़क पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दिलवा पाने में सफल होते हैं या नहीं? हालांकि इसके विपरीत राजस्थान में पिछले तीन साल के दौरान कांग्रेस सरकार में कार्यकर्ताओं के बजाय राजनीतिक नियुक्तियों में अफसरों को नवाजने का काम ज्यादा हुआ है।

राजस्थान में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर भी कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी नहीं मिलने की बाबत पूछे गए सवाल के जवाब में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते ही जयपुर में राष्ट्रव्यापी महारैली सफल हुई है। ऐसे में अब

> ■ इससे पहले तीन साल में कार्यकर्ताओं के स्थान पर अफसरों को नवाजने का काम खूब हुआ है

मेहनती कार्यकर्ताओं की खाली झोली भी जल्द ही भरी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान भी इस काम को जल्द करने के लिए गंभीरता से काम कर रहा है। डोटासरा ने कहा कि मेहनती कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जल्द नियुक्तियां भी मिलेंगी और उनके काम भी सत्ता और संगठन में होंगे।

उन्होंने कहा की राजनीतिक नियुक्तियों के साथ ही संगठन का विस्तार, ब्लॉक अध्यक्ष, बचे हुए जिला अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी गठित करने का काम, प्रदेश कांग्रेस के प्रकोष्ठ के गठन का काम, निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाने का काम समेत बीएलओ नियुक्ति का काम भी जल्द ही पूरा किया जाएगा। डोटासरा ने कहा कि वोटर लिस्ट अपडेट करने के लिए बीएलओ जल्द ही काम में जुट जाएंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति और सिद्धांत समझाने और प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से दक्ष नेता तैयार करने के लिए प्रदेश कांग्रेस तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रही है। हालांकि यह प्रशिक्षण शिविर पहले 17 ,18 और 19 दिसंबर को होना था लेकिन सरकार के 3 साल 17 दिसंबर को पूरे होने के चलते अब यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26, 27, 28 दिसंबर को जयपुर के बाड़ा पदमपुरा में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी अजय माकन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन राव के साथ ही विशेषज्ञ और प्रशिक्षक दिल्ली से जयपुर पहुंचेंगे। इसमें शॉर्ट मूवी और अपने व्याख्यान के जरिए पार्टी की रीति नीति से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में उन चयनित प्रदेश पदाधिकारियों, एआईसीसी मेंबर, पीसीसी मेंबर एवं अन्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा जो कांग्रेस की रीति नीति को आगे ले जाने के लिए पहले चयनित हो चुके हैं।

# एनर्जी कंजरवेसन के लिए होगा शोध व अनुसंधान : डॉ. अग्रवाल

> ■ 'अक्षय ऊर्जा निगम की सी.एस.आर. गतिविधियां होगी विस्तारित'

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा और सी.एम.डी. राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान से राज्य में एनर्जी कंजरवेसन के लिए शोध व अनुसंधान करवाएगा। उन्होंने बताया कि एनर्जी कंजरवेसन आज और भविष्य की आवश्यकता है और इसके लिए निरंतर शोध व अनुसंधान जरुरी है।

ए.सी.एस. डॉ. अग्रवाल ने यह जानकारी राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के संचालक मण्डल की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि अक्षय ऊर्जा निगम सामाजिक दायित्व को निभाते हुए कोरपोरेट सोशियल रेस्पांसबिलिटी के तहत कार्यों को भी विस्तारित करेगा। इसके तहत सी.एस.आर. में उपलब्ध राशि से स्वास्थ्य, शिक्षा व स्पोर्टस जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में सहयोग करेगा।

डॉ. अग्रवाल ने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को प्रदेश को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने पर बधाई देते हुए कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि जहां देश में इस साल 7500 मेगावाट उत्पादन क्षमता विकसित हुई है वहीं राजस्थान में इस साल अब तक 2500 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित की जा चुकी है।

# हर मोर्चे पर विफल इस सरकार को उत्सव मनाने का कोई अधिकार नहीं : डॉ.पूनिया

**जयपुर**। प्रदेश सरकार के तीन साल पूरे होने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने सरकार पर निशाना साधा है। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल में राजस्थान बेहाल हो गया है।

पूनिया ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। राजस्थान अपराधों की राजधानी बन चुका है। इस नकारा और भ्रष्ट सरकार को उत्सव मनाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक बेरोजगारी दर राजस्थान में है। राज्य सरकार ने जो भी नौकरी विज्ञिप्त जारी की वो या तो कोर्ट में या अफसरों की टेबल पर ही फंसकर

> ■ 'राजस्थान में कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है'

रह गई है। हालत यह है कि आरपीएससी तो रिश्तेदार पब्लिक सर्विस कमीशन बन चुका है। पूनिया ने कहा कि राजभवन में दो-दो मुख्यमंत्रियों के नारे लगे। सचिवालय में कमरों को लेकर झगड़ा हुआ और घर के झगड़ों का असर जनता पर पड़ा है। इस झगड़े के कारण सरकार 40 दिन से ज्यादा बाड़े में बंद रही। प्रदेश की जनता 2023 में राज्य सरकार को जवाब देगी और इस पार्टी में टेम्पो में जाने लायक विधायक भी नहीं जीतेंगे।

पूनिया ने कहा कि कांग्रेस महंगाई की बात करती है लेकिन सबसे महंगी बिजली और पेट्रोल डीजल राजस्थान में ही है। प्रदेश की जनता कांग्रेस के शासन से त्रस्त है। पूनिया ने कहा कि बीते 3 साल में 6 लाख से अधिक मुकदमे दर्ज होना इस बात की बानगी है कि राजस्थान अपराधों की राजधानी बन गया है। पांच हजार से अधिक बलात्कार और गैंग रेप की घटनाएं हुई। 20 हजार से अधिक दलित और वंचित लोगों पर अत्याचार की घटनाएं बता रही है कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है।

# जयपुर म्यूजिक स्टेज 2022 के सुरों का ऐलान

**जयपुर**, (का.सं.)। जब जयपुर में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 15वें संस्करण की गहमागहमी जोरों पर है, तब 'धरती के सबसे बड़े लिटरेरी शो' के समानांतर चलने वाले जयपुर म्यूजिक स्टेज ने अपने शानदार सितारों से सजे प्रोग्राम की घोषणा की।

इंडिया के दिल, जयपुर में होने वाले जयपुर म्यूजिक स्टेज में समस्त भारत के कलाकार हिस्सा लेकर यहाँ के सुर और इतिहास की अद्भुत धारा को प्रस्तुत करेंगे। जयपुर म्यूजिक स्टेज 2022 सुरों की ऐसी वैविध्य और संपन्न विरासत को साझा करने वाला एकमात्र शो है। फेस्टिवल के प्रोग्राम में लोकप्रिय भारतीय कलाकार और बैंड शामिल हैं।

# प्रदेश में और व्यापक होगा सुशासन का दायरा : सीएम

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सुशासन राज्य सरकार का मूलमंत्र रहा है। आने वाले समय में गुड गवर्नेन्स के दायरे को हम और व्यापक बनाएंगे।

गहलोत शुक्रवार को शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी

> ■ 'सभी अधिकारी अपने अनुभव और सेवा-भाव के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करें'

विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुड गवर्नेन्स और आमजन को बेहतर सर्विस डिलीवरी पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी, आर्थिक बाधाओं एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं सहित तमाम चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार ने एक से बढ़कर एक कल्याणकारी फैसले लिए और उन्हें पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने अनुभव और सेवा-भाव के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करें ताकि सुशासन का हमारा संकल्प पूरी तरह साकार हो। बैठक में विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सुशासन को लेकर अपने सुझाव दिए।



**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को शासन सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुड गवर्नेन्स और आमजन को बेहतर सर्विस डिलीवरी पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव निरंजन आर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।**

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में कमी आई

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण से फिर एक और मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही पिछले पांच दिन में करोना से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 16 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच प्रदेश में रिकवरी में सुधार होने से एक्टिव केस घटकर 259 रह गए हैं।

राज्य में करोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा फिर बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को फिर श्रीगंगानगर में एक और संक्रमित की मौत हुई है। इससे पहले 15 दिसम्बर को बाड़मेर में, 13 दिसम्बर को राजसमंद व बीकानेर में, 6 दिसम्बर को बीकानेर में और 18 नवम्बर को जयपुर में 1-1 संक्रमित की मौत हुई थी। राज्य में करोना से पिछले 30 दिन में 6 लोगों की मौत हुई है। वहीं प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 8960 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

इधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना के नए मामलों में कमी आई है। इस दौरान राज्य के 7 जिलों में 16 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 26 रोगी पाए गए थे। आज राज्य में सबसे ज्यादा 7 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा अजमेर में 3, उदयपुर में 2 तथा झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, बीकानेर और भीलवाड़ा में 1-1 नया संक्रमित मिला हैं।

उधर जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 3 नए संक्रमित वैशाली नगर में मिले हैं। वहीं आदर्श नगर, बनीपार्क, सी-स्कीम और मुरलीपुरा में 1-1 नया मरीज पाया गया है। वहीं जिले में 15 रोगी रिकवर हुए हैं। इस बीच प्रदेश के 26 जिलों में करोना का कोई भी नया मरीज नहीं मिला है। इनमें 14 जिलों में न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में शुक्रवार को 23 मरीज ठीक होने के साथ ही अब तक इस बीमारी से 9 लाख 45 हजार 970 लोग स्वस्थ हो चुके है। प्रदेश में शुक्रवार को नए संक्रमितों के मुकाबले अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 259 रह गए हैं।

# कांग्रेस ने तीन साल में प्रदेश का बंटाधार करने में नहीं छोड़ी कोई कसर : राठौड़

**जयपुर**। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गहलोत सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी कर कहा कि अंतर्कलह से जूझती राज्य की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान का बंटाधार करते हुए अपने कुशासन के 36 माह गुजार दिए हैं जिसमें सरकार के पास विफल कानून व्यवस्था, पेट्रोल-डीजल पर सर्वाधिक वैट व महंगी बिजली, किसानों व बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी, कोरोना कुप्रबंधन, पेपर लीक प्रकरण, सरकारी विभागों में व्यापक भ्रष्टाचार सहित अन्य ऐसी कई उपलब्धियां हैं जिस पर एक ओर सरकार गौरवान्वित महसूस कर जश्न मनाने में डूबी है, विज्ञापनों पर अंधाधुंध पैसा बहा रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की साढ़े 7 करोड़ जनता सरकार की विफल नीतियों से त्रस्त होकर आंसू बहाने को मजबूर है। राठौड़ ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर आमजन भयभीत है, कोरोना की तीसरी लहर आने की प्रबल आशंका है, ऐसी विकट परिस्थिति में भी राज्य के मुखिया अशोक गहलोत सरकारी तंत्र का बेजा इस्तेमाल करते हुए पहले महंगाई हटाओ रैली में भीड़ जुटाने में व्यस्त रहे और अब 3 वर्ष के कुशासन को सुशासन दिखाते हुए जश्न मनाने के लिए लालायित व उत्सुक है।

# रोहित ने भारतीय अंडर-19 टीम के साथ साझा की सीख

बेंगलुरु, 17 दिसंबर। भारतीय वनडे एवं टी-20 कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के साथ अनमोल सीख साझा की।

एनसीए में रिहैबिलिटेशन कर रहे रोहित ने अंडर-19 एशिया कप से पहले युवा खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण सलाह दी। उल्लेखनीय है कि यूएई में आगामी 23 दिसंबर से अंडर-19 एशिया कप शुरू होना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक ट्वीट में तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, अमूल्य सीख। भारतीय सफेद गेंद टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अपना अधिकतर रिहैबिलिटेशन समय बेंगलुरु में एनसीए में तैयारी शिविर कर रही भारत की अंडर-19 टीम को संबोधित करते हुए बिताया। उल्लेखनीय है कि 2006 में अंडर-19 स्तर पर खेलने वाले रोहित हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर नहीं जा पाएं हैं। टीम के दक्षिण अफ्रीका प्रस्थान से पहले मुंबई में एक अभ्यास सत्र के दौरान वह दर्द से जूझ रहे थे। उनकी जगह अब प्रियांक पांचाल को टीम में शामिल किया गया है। जिन्होंने हाल ही में तीन चार दिवसीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए का नेतृत्व किया था।

# खिताब की रक्षा नहीं कर सकी सिंधू

## श्रीकांत और लक्ष्य सेमीफाइनल में

हुएल्वा (स्पेन), 17 दिसंबर। भारत के किदाम्बी श्रीकांत और युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने यहां जारी बीडब्लूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि विश्व चैंपियन पीवी सिंधू को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

12वीं सीड श्रीकांत ने तूफानी प्रदर्शन करते हुए हॉलैंड के मार्क कालजो को एकतरफा अंदाज में शुक्रवार को मात्र 26 मिनट में 21-8 21-7 से पीटकर अंतिम चार में स्थान बनाया। श्रीकांत का कालजो के खिलाफ यह पहला मुकाबला था जिसमें उन्होंने जीत हासिल की।

लक्ष्य ने कड़े संघर्ष में चीन के झाओ जुन पेंग को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में 21-15 15-21 22-20 से हराकर अंतिम चार में स्थान बनाया। लक्ष्य का क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत से मुकाबला होगा जिससे एक भारतीय खिलाड़ी का फाइनल में पहुंचना तय है।



सिंधू को जू यिंग ने 42 मिनट में 21-17 21-13 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस हार के साथ सिंधू का जू यिंग के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 5-15 हो गया है।

इस बीच प्रणय ने उलटफेर करते हुए 11वीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क के रैसमस गेमके को एक घंटे 16 मिनट तक चले तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 16-21, 21-8, 22-20 में हराया। 29 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी आज क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सिंगापुर के लोह कीन ल्यू से भिड़ेंगे।

# फिर क्वारंटीन में भेजी गई बंगलादेश क्रिकेट टीम

ढाका, 17 दिसंबर। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 चक्र के तहत दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए न्यूजीलैंड आई बंगलादेश क्रिकेट टीम को शुक्रवार को फिर से क्वारंटीन में भेज दिया गया है। न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बंगलादेश टीम को क्वारंटीन पूरा होने तक यानी 21 दिसंबर तक किसी भी अभ्यास सत्र में भाग न लेने के लिए कहा है। समझा जाता है कि स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से यह निर्देश बंगलादेश के स्पिन गेंदबाजी कोच रंगना हेराथ के न्यूजीलैंड में कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के मद्देनजर दिया गया है। बंगलादेश की टेस्ट टीम के आठ अन्य सदस्य, जिनमें खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ शामिल है, पहले से ही आइसोलेशन में हैं, क्योंकि वे मलेशिया से न्यूजीलैंड जाने वाले एक व्यक्ति के निकट संपर्क में आए थे, जो कोरोना संक्रमित था। इस बीच अन्य खिलाड़ियों और कर्मचारियों ने अपना अनिवार्य क्वारंटीन पूरा करने के बाद 16 दिसंबर को पहली बार अभ्यास सत्र में भाग लिया।

लेकिन बाद में उन्हें भी अपने अभ्यास सत्र को रोकने के लिए कह दिया गया। बंगलादेश टीम प्रबंधक नफीस इकबाल ने इस बारे में कहा, हमें कल अभ्यास करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन आज हमें न्यूजीलैंड सरकार के आदेशानुसार अपना अभ्यास रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हमने अब तक तीन कोरोना टेस्ट कराए हैं और अभी एक और होना बाकी है। अगर क्वारंटीन के नौवें दिन होने वाले टेस्ट में सभी नेगेटिव पाए जाते हैं तो हम क्वारंटीन से रिलीज हो जाएंगे। हेराथ अब ठीक हैं। वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। हमारी टीम नियमित रूप से उनसे संपर्क कर रही है और उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही अपने साथ ले लेंगे।

# कोरोना के कारण वेस्टइंडीज़ का पाकिस्तान दौरा हुआ स्थगित

कराची, 17 दिसम्बर। कोरोना मामलों के कारण वेस्टइंडीज़ का पाकिस्तान दौरा स्थगित हो गया है। वेस्टइंडीज टीम गुरूवार को तीसरा और आख़िरी टी20 मैच खेलकर वापस चली जाएगी। इस मैच को पाकिस्तान ने ने सात विकेट से जीता और वेस्ट इंडीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। अब तीन वनडे मैचों की सीरीज़ जून, 2022 में खेली जाएगी। दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है।

वेस्टइंडीज के इस दौरे की शुरुआत ही खराब रही थी, जब पहले दिन ही सपोर्ट स्टाफ़ का एक सदस्य कोरोना पॉज़िटिव पाया गया था। इसके बाद बुधवार तक दल में कुल नौ कोरोना के मामले आ गए। बुधवार को अकेले पांच मामले आए, जिसमें तीन खिलाड़ी और दो सपोर्टिंग स्टाफ़ के सदस्य थे। इसके बाद से ही दौरे के स्थगित होने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि इस दौरान तीसरा टी20 मैच पूर्वनियत समय के अनुसार खेला गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक प्रेस विज्ञिप्त जारी करते हुए कहा, "नियमित जांच के तहत गुरुवार सुबह वेस्टइंडीज़ के 15 खिलाड़ियों और छह सपोर्ट स्टाफ़ के सदस्यों का रैपिड एंटीजन टेस्ट किया गया। इस दौरान सभी 21 सदस्य कोविड निगेटिव पाए गए। इसलिए तीसरे टी20 मैच को जारी रखने का फैसला किया गया। हालांकि दोनों टीमों के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए दोनों देशों के बोर्ड ने वनडे सीरीज को जून, 2022 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।"

यह वनडे सीरीज़, विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है। इसलिए वेस्टइंडीज़ नहीं चाहता कि वह आधे-अधूरे खिलाड़ियों के साथ कोई वनडे सीरीज़ खेले, जिससे उसके विश्व कप क्वालीफ़िकेशन पर प्रभाव पड़े। विज्ञिप्त में कहा गया है कि निगेटिव आने वाले दल के सदस्य गुरूवार देर शाम को टी20 मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज वापस लौट जाएंगे, वहीं कोरोना पॉज़िटिव सदस्यों का कराची में ही आइसोलेट रहना जारी रहेगा। हालांकि पीसीबी क्रिसमस से पहले उन्हें उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था करेगी। इस दौरान पाकिस्तानी दल का भी कोरोना टेस्ट किया गया, जिसमें सभी सदस्य निगेटिव पाए गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने 473 के विशाल स्कोर पर घोषित की पारी

## लाबुशेन का शतक, स्मिथ शतक से चूके

एडिलेड, 17 दिसंबर। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (103) के शानदार शतक और डेविड वार्नर (95) तथा स्टीवन स्मिथ (93) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पिंक बॉल से खेले जा रहे दूसरे डे नाइट एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 150.4 ओवर में नौ विकेट पर 473 रन का विशाल स्कोर बना कर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड ने इसके जवाब में स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 17 रन बना लिए। वह अभी पहली पारी में 456 रन से पीछे है।

रोरी बर्न्स चार रन बनाकर मिशेल स्टार्क का शिकार बने जबकि हसीब हमीद छह रन बनाकर माइकल नेसर की गेंद पर आउट हुए। स्टंप्स के समय डेविड मलान एक और कप्तान जो रुट पांच रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज दो विकेट पर 221 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 61.4 ओवर तक बल्लेबाजी की, जिसमें टीम ने सात विकेट खोकर 252 रन बनाए। लाबुशेन ने 95 और स्मिथ ने 18 के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाया। लाबुशेन बेशक बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन उन्होंने अपना पहला एशेज शतक लगाया। 241 के स्कोर पर लाबुशेन के रूप में ऑस्ट्रेलिया का तीसरा विकेट गिरा। वह 103 रन बना कर आउट हुए। लाबुशेन ने 305 गेंदों में आठ चौके लगाए।

फिर 291 के स्कोर पर पिछले मैच के हीरो रहे ट्रैविस हेड का विकेट गिरा, हालांकि स्मिथ ने एक छोर संभाले रखा। इसके तुरंत बाद 294 रन पर कैमरन ग्रीन आउट हो गए। इस बीच अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी क्रीज पर आए, तब जाकर जल्दी विकेट गिरने का सिलसिला थमा। उन्होंने स्मिथ के साथ सूझबूझ वाली पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिए 91 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन 385 के स्कोर पर स्मिथ के रूप में ऑस्ट्रेलिया ने छठा विकेट खो दिया। स्मिथ 201 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 93 रन बना कर आउट हुए। इस बीच कैरी ने अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वह लंबी पारी नहीं खेल पाए और 51 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर विकेट खो बैठे। 390 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का यह सातवां विकेट था। कैरी ने 107 गेंदों पर पांच चौके लगाए। अंत में निचले क्रम के बल्लेबाजों स्टार्क और माइकल नेसर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अहम योगदान दिया। स्टार्क और नेसर ने आठवें विकेट के लिए 58 रन जोड़े और टीम को 448 के स्कोर तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर नेसर ने अपना विकेट गंवा दिया। नेसर ने 24 गेंदों पर 35 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। आठ विकेट गिरने के बाद स्टार्क ने मोर्चा संभालते हुए 25 रन और जोड़े तथा टीम को 473 के स्कोर पर पहुंचाया। बाद में झाई रिचर्डसन का विकेट गिरने पर ऑस्ट्रेलिया ने इसी स्कोर पर पारी घोषित कर दी। स्टार्क ने 39 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से नाबाद 39 रन बनाये। इंग्लैंड की तरफ से ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने सर्वाधिक तीन, जेम्स एंडरसन ने दो और स्टुअर्ट ब्रॉड, क्रिस वोक्स, ओली रॉबिंसन तथा कप्तान जो रूट ने एक-एक विकेट लिया।

# जयपुर की खुशी ने महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण में जीता पहला खिताब

कोलकाता, 17 दिसंबर। जयपुर की गोल्फर खुशी खानिजाऊ ने शुक्रवार को रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण में पहली बार खिताब जीता। खुशी 2021 में जाह्नवी बख्शी के बाद पहली बार खिताब जीतने वाली पांचवीं गोल्फर बनीं हैं। इससे पहले सहर अटवाल, लखमेहर परदेसी और पेशेवर अवनी प्रशांत ने जीत दर्ज की थी। खुशी, जिन्होंने अपना अधिकतर शुरुआती गोल्फ जयपुर के राम बाग गोल्फ क्लब में सीखा, ने अंतिम चार होल में तीन बर्डी के दम पर 72 का शानदार स्कोर बनाया। इस दौरान उन्होंने 16वें होल में एक बोगी भी मारी। उनका 72 का कार्ड दिन का सबसे अच्छा स्कोर रहा। इसकी बदौलत उनका कुल 229 का स्कोर रहा, जो पेशेवर स्मृति भार्गव (77), श्वेता मानसिंह (77) और ओवरनाइट लीडर सहर अटवाल (80) की तिकड़ी से बेहतर था। उल्लेखनीय है कि 21 वर्षीय खुशी 2018 में पेशेवर गोल्फर बनीं थी और इसी साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आया था। 2018 में हैदराबाद के बोल्डर हिल्स में वह अमनदीप ड्राल से पीछे त्वेसा मलिक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं थीं। पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर पहले वर्ष में अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें 'रूकी ऑफ द ईयर' भी चुना गया था।

# पाकिस्तान को 3-1 से पीट कर भारत सेमीफाइनल में

ढाका, 17 दिसंबर। गत विजेता भारत ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां 3-1 से पीट कर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

भारत ने अपना पहला मैच कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला था, लेकिन दूसरे मैच में मेजबान बंगलादेश को 9-0 से शिकस्त दी थी। भारत ने अपने तीसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 3-1 से धूल चटा कर अंतिम चार में स्थान बना लिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रणनीति के तहत आक्रामक तरीके से खेल की शुरुआत की, जिसका फायदा टीम को नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला। उप कप्तान एवं डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह ने इस मौके को भुनाते हुए पहला गोल दागा और टीम को 1-0 से शुरुआती बढ़त दिलाई, हालांकि इसके बाद पाकिस्तान की ओर से कड़ी चुनौती देखने को मिली। मैच में फिर कितना संघर्ष हुआ, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पहले क्वार्टर और दूसरे क्वार्टर में इस एक गोल के अलावा कोई भी गोल नहीं हुआ।

एक समय पर तीसरा क्वार्टर भी गोल रहित जाता दिख रहा था, लेकिन फॉरवर्ड अक्षदीप सिंह ने 42वें मिनट में पाकिस्तान के डिफेंस में सेंध लगाते हुए शानदार फील्ड गोल दागा और बढ़त को 2-0 कर दिया। हालांकि इसके तुरंत बाद 45वें मिनट में एक गोल के जरिए पाकिस्तान स्कोर को 2-1 करने में कामयाब रहा। जुनैद मंजूर ने फील्ड गोल दाग कर टीम का खाता खोला, हालांकि भारतीय उप कप्तान हरमनप्रीत ने अंत में पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से गोल दाग कर बढ़त को 3-1 कर दिया। बाद में इसी स्कोर पर मैच समाप्त हुआ और भारत विजेता घोषित हुआ।

# पाकिस्तान ने वेस्ट इंडीज को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

कराची, 17 दिसंबर। कप्तान बाबर आजम (79) और सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (87) की तूफानी पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को कराची में तीसरे और आखिरी हाई स्कोरिंग टी-20 मुकाबले में सात विकेट के जीत के साथ वेस्ट इंडीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। मेहमान टीम वेस्ट इंडीज ने क्लीन स्वीप से बचने के दृढ़ संकल्प के साथ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी चुनी। बल्लेबाजों ने रणनीति के तहत खेलते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 20 ओवर में तीन विकेट गंवा कर बोर्ड पर 207 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, लेकिन जवाब में पाकिस्तान ने 18.5 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर 208 रन बना कर मैच जीत लिया। पाकिस्तान के इस जीत के हीरो बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान रहे।